हिंदी व्याकरण पाठ 9
सब नामों की जगह

सर्वनाम

परिभाषा– संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

जैसे – मैं, तुम, आप , यह, वह, आपका. हम, हम।

उदाहरण– मोहन(संज्ञा) एक डाकिया है।

वह(सर्वनाम) पत्र बांटता है।

उसके(सर्वनाम) पास बहुत सारे पत्र हैं।

प्रश्न– सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाओ।

1- मैं स्कूल जा रहा हूं।
2 - वह मेरी पुस्तक है।
3 - तुम कब जाओगे?
4 - हमारी टीम जीत गई।
5 - यह मेरी कलम है।
6 - आप कहां जा रहे हैं।
7 - तुम्हारा क्या नाम है?
8 - वे खेल रहे हैं।
9 - आपके लिए फोन है।
10 हम खेलने जा रहे हैं।